# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान,अजमेर

Phone No. 0145-2623776 (Sr. Sec.), 2623646 (Secondery) 2632068 (Panel), 2426994 (Fax)
Web Site - www.rajeduboard.nic.in/ E-mail : Secy-boser-rj@nic.in /

क्रमांक : मा.शि.बो./ गोपनीय/सी.सै./ 2022/ दिनांक :

Principal ,

समस्त विद्यालय (पूरक प्रायोगिक परीक्षा 2022 वाली छात्र सूचीनुसार) (through E_Mail)

विषय :– **पूरक प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 27 से 30 जुलाई 2022 बाबत्।**

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि पूरक प्रायोगिक परीक्षा योग्य घोषित समस्त छात्रों की सूची संलग्न है । इसमें आपके विद्यालय के परीक्षार्थी (आवंटित नामांकानुसार) भी पूरक **प्रायोगिक** परीक्षा 2022 में प्रविष्ट होने है । उक्त पूरक प्रायोगिक परीक्षा इस वर्ष की मुख्य प्रायोगिक परीक्षा की तरह विद्यालय स्तर पर ही विद्यालय के (आन्तरिक) योग्य शिक्षकों को नियुक्त कर उक्त परीक्षा **दिनांक 27 से 30 जुलाई 2022 के मध्य** सम्पन्न कराकर **उपस्थित छात्रों के अंक/अनुपस्थित छात्रों की अनुपस्थिति दिनांक 02.08.2022 तक अनिवार्यतः पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड किये जाने हैं एवं हार्डकॉपी लिफाफे में बोर्ड कार्यालय भिजवाई जानी है । कृपया विशेष ध्यान दें, पोर्टल पर ऑनलाईन अंकों के साथ–साथ, अनुपस्थित छात्रों की अनुपस्थिति भी अनिवार्यतः ऑनलाईन अंकित करावें** । यदि किसी विषय विशेष हेतु शाला में परीक्षक/अध्यापक की अनुपलब्धि या अनुपस्थिति हो तो संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी से यथासमय सम्पर्क कर उस विषय विशेष हेतु परीक्षक की नियुक्ति पूर्व में ही करा लेवें ।

उक्त **पूरक प्रायोगिक परीक्षाएं दिनांक 27.07.2022से 30.07.2022 के मध्य संबंधित विद्यालय स्तर पर आयोजित की जानी है,** विद्यालय के पूरक प्रायोगिक परीक्षा योग्य परीक्षार्थी का निर्धारित परीक्षा शुल्क निर्धारित तिथियों में ऑनलाईन आप द्वारा जमा कराया होगा, **अतः पूरक प्रायोगिक परीक्षा 2022 का शुल्क जमा होने की पुष्टि/सुनिश्चितता करने के उपरान्त ही छात्र को प्रायोगिक परीक्षा में प्रविष्ट करावें अन्यथा कार्यवाही हेतु आप स्वयं जिम्मेदार होंगे । यदि शुल्क ऑनलाईन जमा नही करवाया गया है तो शास्ति सहित 2100+100 रूपये प्रति प्रायोगिक विषय का ड्राफ्ट (अजमेर में देय) सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर के नाम बनवाकर प्रायोगिक परीक्षा समाप्ति पर अंकों की हार्डकॉपी के लिफाफे में बोर्ड कार्यालय डाक द्वारा अवश्य भिजवायें । अंको की हार्डकॉपी के लिफाफे के उपर " उ.मा. पूरक प्रायोगिक परीक्षा 2022 के अंकों की हार्डकॉपी – गोपनीय शाखा हेतु " शीर्षक अवश्य अंकित करें ।**

परीक्षार्थियों के पूरक प्रायोगिक परीक्षा 2022 के नामांकों की सूचना बोर्ड की वेबसाइट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर यथासमय अपलोड कर दी जाएगी। जहां से विद्यालय/परीक्षार्थी द्वारा **मुख्य परीक्षा का नामांक** दर्ज कर पूरक प्रायोगिक परीक्षा के नामांक की जानकारी की जा सकेगी। निर्धारित तिथियों में पूरक प्रायोगिक परीक्षा में प्रविष्ट नहीं होने पर/अंकों के अभाव में परीक्षार्थी को अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जाएगा जिसकी व्यक्तिशः समस्त जिम्मेदारी शाला प्रधान की होगी। अतः **संबंधित छात्रों को भी यथासमय सूचित करावें।** चित्रकला विषय हेतु इस वर्ष के प्रायोगिक परीक्षा नियमावली के अनुरूप कार्यवाही करावें ।

यदि किसी परीक्षार्थी के घोषित परिणाम में संबंधित विषय में सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक दोनो में (Both) पूरक योग्य अंकित है तो उसे प्रायोगिक परीक्षा पश्चात सैद्धान्तिक परीक्षा में भी परीक्षा कार्यक्रमानुसार प्रविष्ट होना होगा।

पूर्व में उपलब्ध कराई गई परीक्षा सामग्री आपके पास शेष होगी यदि परीक्षा सामग्री की कोई कमी हो तो पास के विद्यालय से व्यवस्था अथवा इस कार्यालय के दूरभाष 0145–2623949 पर परीक्षा पूर्व यथासमय सम्पर्क करें ।

कोविड–19 के मद्देनजर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों यथा मास्क, सैनिटाईजर, पर्याप्त दूरी इत्यादि आवश्यक उपाय सुनिश्चित कर परीक्षा सम्पन्न करावें ।

सलंग्नक : उपरोक्तानुसार

भवदीय,

Sd –

उप निदेशक (गोपनीय)

क्रमांक : मा.शि.बो./ गोपनीय/सी.सै./ 2022/ 29470-71

दिनांक : 20/7/2022

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक मुख्यालय) .................
2. ACP, IT&C, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर – वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु (Data & Online Marks Portal)

उप निदेशक (गोपनीय)